भारत सरकार

योजना मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3834

दिनांक 11 दिसम्बर, 2019 को उत्तर देने के लिए

कृत्रिम बुद्धिमत्ता

3834. **श्रीमती अपराजिता सारंगी:**
डॉ. डी. रविकुमार:

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नीति आयोग द्वारा राष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता संबंधी कार्यनीति के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(ख) उत्कृष्ठ कृत्रिम बुद्धिमत्ता केन्द्र की स्थिति क्या है; और

(ग) कृत्रिम बुद्धिमत्ता की जानकारी बांटने के लिए नीति आयोग द्वारा कितने देशों के साथ भागीदारी की है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय
तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (ख): नीति आयोग ने विभिन्न मंत्रालयों और अग्रणी शिक्षाविदों, संस्थानों, व्यवसायियों और उद्योग से जुड़े व्यक्तियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद जून, 2018 में भारत की कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर राष्ट्रीय कार्यनीति जारी की थी। कार्यनीति की रूपरेखा में एआई में अनुसंधान, विकास, अंगीकरण और कौशल विकास में प्रस्तावित प्रयास शामिल है। कार्यनीति की प्रमुख सिफारिशों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं- अनुसंधान उत्कृष्टता के केन्द्र (कोर)-स्थापित करना जो आधारभूत अनुसंधान पर संकेन्द्रित हों; तथा परिवर्तनशील एआई पर अंतराष्ट्रीय केन्द्र (आईसीटीएआई)-स्थापित करना जो अनुप्रयुक्त अनुसंधान पर संकेन्द्रित हों। डीएसटी के अंतर्विषयक साइबर-भौतिक प्रणालियों पर राष्ट्रीय मिशन (एनएम-आईसीपीएस) कार्यक्रम के एआई वर्टिकल को एनएसएआई की सिफारिशों के अनुसार कार्यान्वित किया जाएगा। एनएसएआई हेतु कार्यान्वयन तन्त्र के ब्यौरे को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

(ग): नीति आयोग ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता में जानकारी साइना करने के लिए विभिन्न देशों और इकाइयों के साथ सहयोग किया है जैसे व्यापार ऊर्जा और औद्योगिक कार्यनीति विभाग (बीईआईएस, यू.के. सरकार), अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय (एमईटीआई, जापान), नान्यांग प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय (सिंगापुर) तथा राजकोष, आस्ट्रेलिया सरकार।

*****